# NAT EXAM MODEL PAPER CLASS -8

नोट -
👉आकलन के उपरान्त वर्कशीट में शिक्षक द्वारा दिये गए आईडी (9 अंकीय) को भरें एवं अपना नाम लिखें।
👉हर प्रश्न में जिस विकल्प को चुना गया है OMR शीट पर उस गोले को काले बॉल पॉइंट पेन से भरें अथवा खाली छोड़ दें।
👉गोले या आईडी नम्बर पर टिक✓ क्रॉस× स्क्रैच~ आदि न करें।

| नाम - | कक्षा- | | आईडी क्र०- | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

## SET - 1

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

साँझ होने लगी थी, धूप की सुनहरी परछाइयाँ सिन्दूरी साँझ की बाँहों में समा गई। मैं इस साँझ को अपने तन की आँखों से देखता हूँ और मन की आँखों से उस दादी की छवि को जो मानस पटल पर उभर आई। तन की आँख सिर्फ आज देखती है जबकि मन की आँख तमाम बीते हुए कल। मन की इसी आँख ने मुझे अपनी दिवंगत दादी की याद दिला दी जो बचपन में हमें साँझ के समय घर के बाहर जाने से रोकती थी। कहती थी 'संजा बिरयां घर के बाहर नयी जानो बेटा, दीया बत्ती के टेम घर रेनो।' तर्क देती थी कि गोधूलि बेला में जब गाये भी अपने घर लौटती हैं अपने बछड़े के पास, तो फिर तुम क्यों घर के बाहर जाते हो? वह कहती रहती थी और हम थोड़ी देर उनकी गोद में बैठकर घर लौटती गायों को देखते, उनकी आँख बचाकर घर के बाहर भाग जाया करते थे। यह सिलसिला बचपन में चलता रहा। बचपन की दहलीज लाँघी, जीवन संघर्ष में यौवन उलझा और अब वार्धक्य में स्मृतियों के भँवर में घूम रहे हैं। इस सांध्य बेला में साँझ खूब याद आती है। ऐसी जाने कितनी साँझे याद आयी और बीत गई लेकिन दादी की 'संजा बिरयां' बीतती नहीं। सोचता हूँ तो बार-बार लगता है कि वह संध्या के समय घर के बाहर न जाने की मनुहार करते जब गायों के गोधूलि बेला में अपने-अपने घर लौटने का उदाहरण देती थी तो क्या यह उनकी समझ थी या उनका संस्कार?

**Q 1.** अनुच्छेद में साँझ को सिन्दूरी इसलिए कहा गया है, क्योकि
(a) साँझ बहुत गहरे लाल रंग की होती है। (b) शाम के समय आकाश में लालिमा होती है। (c) शाम को लोग जी भरकर मौज-मस्ती करते हैं। (d) साँझ के समय लोग लाल रंग का प्रयोग करते हैं।

**Q 2.** "लेकिन दादी को 'संजा बिरयां' 'बीतती ही नहीं" का अर्थ है-
(a) दादी के जीवन में साँझ हमेशा रही। (b) दादी की साँझ वाली बात कभी खत्म नहीं होती। (c) दादी की साँझ वाली बात हमेशा याद रहती है। (d) दादी की साँझ वाली बात का अर्थ आज समझ आया।

**Q 3 .** मन की आँखों को पुल का पर्याय क्यों कहा गया है?
(a) ये अतीत और भविष्य को जोड़ती हैं (b) ये अतीत और भविष्य को डूबने से बचाती हैं (c) वे आजकल आज को ही देखती हैं (d) वे पुल की तरह दिखती हैं

**Q 4.** इस अनुच्छेद में 'सांध्य बेला' का अर्थ है..
(a) शाम का समय (b) उम्र का एक पड़ाव (c) सुखद समय (d) दुखद समय

**Q 5.** अनुच्छेद में लेखक ने........... के बहाने दादी, बवपन,गोधूलि से जुड़ी यादों को साझा किया है।
(a) मन (b) आँखों (c) साँझ (d) गायों

**Q 6.** 'स्वतन्त्र' का विलोम है
(a) गुलाम (b) परतन्त्र (c) आजाद (d) अधीन

**Q 7.** नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द अनेकार्थी है?
(a) घर (b) साँझ (c) तन (d) कल

**Q 8.** नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) नैन (b) चक्षु (c) नयन (d) मीन

**Q 9.** 'विचार' शब्द में 'इक' जोड़ने पर शब्द बनेगा-
(a) विचारिक (b) वैचरिक (c) वैचारिक (d) विचारीक

**Q 10.** 'ईमानदारी' शब्द संज्ञा है।
(a) भाववाचक (b) गुणवाचक (c) समूहवाचक (d) जातिवाचक

**Q 11.** गुरुनानक जी का जन्म कहां हुआ था।
(a) तलवंडी (b) लाहौर (c) अमृतसर (d) जैसलमेर

**Q 12.** दिल्ली में मोती मस्जिद का निर्माण किसने कराया था?
(a) अकबर (b) बीरबल (c) जहांगीर (d) औरंगज़ेब

**Q 13.** संगमरमर पर रत्नों की जड़ाई को क्या कहते हैं।
(a) पच्चीकारी (b) ज़रोदरी (c) मीनाकारी (d) बाटीक

**Q 14.** राजा टोडरमल किस के काल में दरबारी थे।
(a) अकबर (b) बीरबल (c) जहांगीर (d) औरंगज़ेब

**Q 15.** भारतीय संविधान को बनने में कितना समय लगा।
(a) 2 वर्ष 2 माह 11 दिन (b)2 वर्ष 11 माह 18 दिन (c) 1वर्ष 11 माह 18 दिन (d)12 माह 18 दिन

**Q 16.** राज्य सूची का विषय है।
(a) विवाह (b) वन (c) पशुधन (d) रेल

**Q 17.**राष्ट्रपति को अधिकार है।
(a) बजट बनाने का। (b) बजट पास करने का।(c)मंत्री मंडल में फेरबदल करने का।(d) मृत्यु दण्ड,अन्य दण्ड को क्षमा करने का।

**Q 18.** सूर्य का प्रकाश धरती तक आने में कितना समय लगता है।
(a)8.5 मिनट (b)13.3 मिनट (c)8.3 मिनट (d)6.5 मिनट

**Q 19.** कितने डिग्री देशान्तर रेखा को ग्रीनविच रेखा कहते हैं।
(a)0० देशान्तर रेखा (b)180० देशान्तर रेखा (c)82.5 पूर्वी देशान्तर रेखा (d)80० देशान्तर रेखा

**Q 20.** सर्वाधिक कठोर चट्टान कौन सी है।
(a) रूपांतरित चट्टान (b) परतदार चट्टान (c) अवसादी चट्टान (d) आग्नेय चट्टान

Q 21.Select the synonyms of LOATHING
(a)Affectation (b) Affection (c) Hatred (d) Warmth
Q 22.Select the antonym of TIMID
(a) Gentle (b) Snicker (c) Brave (d) Tired
Q 23. Find the word just opposite to PROVOKE
(a) Insult (b) Soothe (c) Anger (d) Encourage
Q 24.This massion _______ in 1972.
(a) Is built (b) Was built (c) builded (d) Will be built
Q25. Neeraj scored a goal.Yes,a goal _________by Neeraj.
(a) Is scored (b) Will be scored (c) Scored (d) Was scored
Q 26.He swam _______ the pool.
(a) from (b) of (c) across (d) to
Q 27.This car ______ by Manav in the race tomorrow.
(a) Will be driven (b) Has driven (c) Is driven (d) Will drive
Q.28 It is the ______ lane here.
(a) narrowest (b) narrower (c) narrow (d) more narrow
Q.29 Very few flowers are as ______ as rose.
(a) beautiful (b) most beautiful (c) more beautiful (d) None
Q.30 Mount Everest is the peak of the Himalayas.
(a) high (b) highest (c) most high (d) more high
Q 31. विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति में निम्नलिखित में से कौन सा प्रमुख योगदान है?
(a) पेंसिल का आविष्कार (b) मोबाइल फोन का आविष्कार
(c) बैटरियों का आविष्कार (d) जलयान का आविष्कार
Q 32. मानव निर्मित वस्तुएं निम्नलिखित में से किसका उदाहरण हैं?
(a) धातु (b) शिला (c) कागज (d) रेत
Q 33. परमाणु की संरचना में नाभिक के भीतर कौन से कण होते हैं?
(a) केवल प्रोटॉन (b) केवल इलेक्ट्रॉन (c) प्रोटॉन और न्यूट्रॉन
(d) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन
Q 34. खनिजों और धातुओं में क्या अंतर है?
(a) खनिज प्राकृतिक होते हैं, जबकि धातु कृत्रिम होते हैं (b) खनिज केवल धातु होते हैं, जबकि धातु रासायनिक यौगिक होते हैं (c) खनिज रासायनिक यौगिक होते हैं, जबकि धातु शुद्ध तत्व होते हैं (d) खनिज और धातु में कोई अंतर नहीं है
Q 35. सूक्ष्म जीवों का सामान्य वर्गीकरण किस आधार पर किया जाता है?
(a) रंग और आकार के आधार पर (b) उनके आकार, जीवन चक्र और संरचना के आधार पर (c) शरीर के अंगों के आधार पर (d) केवल जीवनकाल के आधार पर
Q 36. जंतुओं की कोशिका में कौन सा घटक ऊर्जा का उत्पादन करता है?
(a) नाभिक (b) राइबोसोम (c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) कोशिका
Q 37. परमाणु की संरचना में इलेक्ट्रॉन कहाँ स्थित होते हैं?
(a) नाभिक में (b) कोशिका झिल्ली में (c) परमाणु के बाहर कक्ष में (d) न्यूट्रॉन में
Q 38. सूक्ष्म जीवों का वर्गीकरण करने वाले प्रसिद्ध वैज्ञानिक का नाम क्या है?
(a) डार्विन (b) लिवीबोर्क (c) कार्ल लिनियस (d) गैलिलियो
Q 39. कोशिका से अंग तंत्र तक का अध्ययन किसके अंतर्गत आता है?
(a) रासायनिक विज्ञान (b) जैविक विज्ञान (c) भौतिकी (d) गणित
Q 40. किस तत्व की परमाणु संरचना में 6 प्रोटॉन होते हैं?
(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन (c) हाइड्रोजन (d) नाइट्रोजन
Q 41. यदि x और y विषम पूर्णांक है,तो निम्नलिखित में कौन सम पूर्णांक है -
(a) x+y-1 (b) xy-1 (c) xy (d) xy+2
Q 42. संकेत √ का उपयोग निम्न के लिए किया जाता है-
(a) वर्ग (b) घन (c) घनमूल (d) वर्गमूल
Q 43. |-(3/7)| का मान है -
(a) 3/7 (b) -3/7 (c) 3/-7 (d) -3/-7
Q 44. एक सात अंकों की संख्या के वर्गमूल में अंको की संख्या है -
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5
Q 45. (27/64 ) का घनमूल है -
(a) 2/3 (b) 3/4 (c) 3/8 (d) 9/16
Q46. वह छोटी से छोटी संख्या जिसका 8192 में भाग देने पर भागफल पूर्ण घन बन जाता है, निम्नांकित होगी-
(a) 2 (b) 4 (c) 16 (d) 32
Q 47. $x^0$ का मान है -
(a) 1 (b) x (c) 0 (d) अपरिमित
Q 48. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजक एक बहुपद है-
(a) $x+1/x$ (b) $x^2+5\sqrt{x}+1$ (c) $x^2+3x+7$ (d) $x^{1/2}+\sqrt{5}$
Q 49. किसी संख्या का 6% भाग 180 है,तो वह संख्या होगी-
(a) 3000 (b) 3600 (c) 300 (d) 1200
Q 50. 123 के घन के इकाई का अंक ज्ञात कीजिए-
(a) 3 (b) 6 (c) 9 (d) 7

नाम - कक्षा- आईडी क्र०-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. ⒶⒷⒸⒹ | 8. ⒶⒷⒸⒹ | 15. ⒶⒷⒸⒹ | 22. ⒶⒷⒸⒹ | 29. ⒶⒷⒸⒹ | 36. ⒶⒷⒸⒹ | 43. ⒶⒷⒸⒹ | 50. ⒶⒷⒸⒹ |
| 2. ⒶⒷⒸⒹ | 9. ⒶⒷⒸⒹ | 16. ⒶⒷⒸⒹ | 23. ⒶⒷⒸⒹ | 30. ⒶⒷⒸⒹ | 37. ⒶⒷⒸⒹ | 44. ⒶⒷⒸⒹ | |
| 3. ⒶⒷⒸⒹ | 10. ⒶⒷⒸⒹ | 17. ⒶⒷⒸⒹ | 24. ⒶⒷⒸⒹ | 31. ⒶⒷⒸⒹ | 38. ⒶⒷⒸⒹ | 45. ⒶⒷⒸⒹ | |
| 4. ⒶⒷⒸⒹ | 11. ⒶⒷⒸⒹ | 18. ⒶⒷⒸⒹ | 25. ⒶⒷⒸⒹ | 32. ⒶⒷⒸⒹ | 39. ⒶⒷⒸⒹ | 46. ⒶⒷⒸⒹ | |
| 5. ⒶⒷⒸⒹ | 12. ⒶⒷⒸⒹ | 19. ⒶⒷⒸⒹ | 26. ⒶⒷⒸⒹ | 33. ⒶⒷⒸⒹ | 40. ⒶⒷⒸⒹ | 47. ⒶⒷⒸⒹ | |
| 6. ⒶⒷⒸⒹ | 13. ⒶⒷⒸⒹ | 20. ⒶⒷⒸⒹ | 27. ⒶⒷⒸⒹ | 34. ⒶⒷⒸⒹ | 41. ⒶⒷⒸⒹ | 48. ⒶⒷⒸⒹ | |
| 7. ⒶⒷⒸⒹ | 14. ⒶⒷⒸⒹ | 21. ⒶⒷⒸⒹ | 28. ⒶⒷⒸⒹ | 35. ⒶⒷⒸⒹ | 42. ⒶⒷⒸⒹ | 49. ⒶⒷⒸⒹ | |